**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**27.11.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 372 का उत्तर**

**मुर्तिजापुर से दारवा छोटी लाइन**

**372. श्री संजय उत्तमराव देशमुख:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या महाराष्ट्र राज्य में दारवा छोटी रेल लाइन से मुर्तिजापुर को बड़ी रेल लाइन में बदलने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) इस संबंध में रेलवे द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

**मुर्तिजापुर से दारवा छोटी लाइन के संबंध में दिनांक 27.11.2024 को लोक सभा में श्री संजय उत्तमराव देशमुख के अतारांकित प्रश्न सं. 372 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (ग): देश भर में रेलवे परियोजनाओं/कार्यों के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरह के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन राज्य सरकारों, संसद सदस्यों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, रेलवे की अपनी आवश्यकताओं, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि द्वारा की गई मांगों के आधार पर रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलवे, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्तावों/शिकायतों/सुझावों की प्राप्ति एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए ऐसे अनुरोधों का केंद्रीकृत संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, समय-समय पर इनकी जांच की जाती है और व्यवहार्य एवं उचित पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है।**

**मुर्तिजापुर-दारव्हा-यवतमाल (112.27 किमी.) खंड के आमान परिवर्तन (छोटी लाइन को बड़ी लाइन में) के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण को मंजूरी दे दी गई है।**

*********